**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**29.04.2025** **15.00 बजे**

**<u>प्रधानमंत्री–युग्म</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बना रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र देश के हर विद्य़ार्थी के लिए विश्व स्तरीय ज्ञान सुगम बन रहा है। नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सरकार, शिक्षा समुदाय, उद्योग और नवोन्मेषक समुदाय के नेताओं के पहले रणनीतिक सम्मेलन युग्म को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर है। इसलिए भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें तैयार करना महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति देश में परिवर्तन ला रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा, स्वभाव और प्रौद्योगिकी की त्रिमूर्ति भारत के भविष्य को परिवर्तित करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के लिए एआई को उपयोगी बनाने के उद्देश्य से सरकार मेक एआई इन इंडिया के दृष्टिकोण पर कार्य कर रही है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत विकास और सूचना प्रौद्योगिकी अपनाने वाले अग्रणी देशों में शामिल है।

**<u>मुख्यमंत्री</u>**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में नवनियुक्त वन मित्रों के लिए प्रशिक्षण मैनुअल जारी किया। इस मैनुअल का उपयोग वन मित्रों को वन अग्नि प्रबंधन, विभागीय कार्य प्रणाली, नर्सरी प्रबंधन, वृक्षारोपण कार्यक्रम और समग्र वन प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षित करने के लिए किया जाएगा। वन मित्र इस वर्ष पहली से 5 मई तक अपनी–अपनी रेंज में प्रशिक्षण लेंगे, इसके लिए सभी वनमंडल अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वन मित्र भर्ती कार्यक्रम के तहत प्रदेश में अब तक एक हज़ार 8 सौ 96 वन मित्र अपना कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर दक्ष प्रशिक्षण प्रदान करने पर ज़ोर दिया, ताकि वन मित्र विभाग की कार्यप्रणाली से अच्छी तरह परिचित होकर अपनी डियूटी प्रभावी ढंग से निभा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे 15 मई के बाद नवनियुक्त मित्रों से संवाद करेंगे। उन्होंने गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए वन विभाग को जंगलों में आग की घटनाओं के बारे में सतर्क रहने और वनों के संरक्षण के लिए ज़रूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

**<u>परशुराम जयंती</u>**

आज भगवान परशुराम जयंती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज परशुराम जयंती के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट में प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि शस्त्र विद्या और पवित्र ग्रंथों में अपने गहन ज्ञान के लिए जाने जाने वाले भगवान परशुराम का आशीर्वाद सभी के जीवन को साहस और शक्ति से भर देगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह

सुक्खू ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के बुद्धिमता, साहस और प्रतिबद्धता के गुण अनुकरणीय हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी शिक्षाएं, न्यायप्रियता और आत्म अनुशासन के मूल्य आज भी प्रेरक हैं।

**<u>विश्व दृश्य–श्रव्य</u>**

एक से 4 मई तक होने वाला विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन –वेव्स के माध्यम से भारत वैश्विक रचनात्मकता के केंद्र में है। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने एक लेख में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वेव्स एक परिवर्तनकारी आंदोलन है। यह मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य को फिर से परिभाषित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग 27 अरब रुपये का है और वेव्स 2025 रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमशीलता में देश के नेतृत्व का संकेत देता है। डॉक्टर मुरुगन ने कहा कि भारत के युवाओं को वेव्स पहल से बहुत लाभ होगा।

**<u>सोलन पुलिस</u>**

सोलन पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नेपाली मूल के 2 लोगों के कब्जे से 8 किलो एक सौ 80 ग्राम अफीम बरामद की है। एक अन्य मामले में कंडाघाट के गौड़ा स्कूल के पास एक आरोपी से एक किलो 3 सौ 10 ग्राम चरस बरामद की गई। ज़िला पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया है और आगामी जांच जारी है।

.....................................................................................................................................................